St. Claret College

Autonomous, Bengaluru

Roll No:
Date:

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY Bengaluru-13 AUTONOMOUS

UG END-SEMESTER EXAMINATION-MAY 2026

BA : IV SEMESTER

HNA 425: उपन्यास, भारतीय प्राच्य साहित्य और अपठित गद्यांश

15

TIME: 3 hours. **MAX. MARKS: 80**

This paper contains 03 printed pages and VI section

Instructions:
1. **Verify and ensure that the question paper is completely printed.**
2. **Any discrepancies or questions about the exam paper must be reported to the HOD within 1 hour after the examination.**
3. **Students must check the course title and course code before answering the question paper.**

Section-I

दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए: **[10x1=10]**

1. बंटी का असली नाम क्या है?

i) मनीष **ii)** आशीष **iii)** अरूप **iv)** अनूप

2. शकुन किस पद पर काम करती थी?

i) प्रिंसिपल **ii)** टीचर **iii)** वार्डन **iv)** इनमें से कोई नहीं

3. 'आपका बंटी' उपन्यास का मुख्य विषय क्या है?

i) प्रेम **ii)** बाल-मनोविज्ञान **iii)** राजनीति **iv)** इतिहास

4. उपन्यास में माँ–बाप के संघर्ष का सबसे बड़ा दुष्परिणाम क्या है?

i) आर्थिक हानि **ii)** सामाजिक बदनामी **iii)** स्थानांतरण **iv)** बालक का मानसिक टूटाव

5. तलाक की बात शकुन से कौन करता है?

i) अजय **ii)** डॉ. जोशी **iii)** वर्मा जी **iv)** चाचा जी

6. फूफी बंटी को किसकी कहानी सुनाती थी?

i) तोता-मैना **ii)** सोनल रानी **iii)** खरगोश और कछुआ **iv)** प्यासा कौआ

7. शकुन किससे पुनर्विवाह करती है?

i) अजय **ii)** डॉ. जोशी **iii)** वर्मा जी **iv)** मिश्रा जी

8. बंटी के पिता कहाँ रहते हैं?

i) कलकत्ता **ii)** बंबई **iii)** दिल्ली **iv)** कानपुर

9 बंटी को हॉस्टल में कौन भेजना चाहता है?

i) शकुन **ii)** अजय **iii)** डॉ. जोशी **iv)** मीरा

10. 'आपका बंटी' उपन्यास की लेखिका कौन हैं?

i) महादेवी वर्मा **ii)** मन्नू भंडारी **iii)** उषा प्रियंवदा **iv)** कृष्णा सोबती

Section II

किन्ही दो की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **[2x7=14]**

11. "इस बार पापा आएंगे तो वह पापा से पूछेगा कि वे दोनों दोस्ती क्यों नहीं कर लेते? पापा तो उसकी बात बहुत मानते हैं, जहां कहता है वही घूमाने ले जाते हैं जो मांगता है, वही दिला देते हैं। यह बात नहीं मानेंगे।"

12. "चीजों को सही तरीके से लेना सीखो, शकुन! मैं जानता हूं तुम्हें इस बात में तरह-तरह की गंध आ रही होगी। जिस स्थिति में तुम हो, उसमें यह बहुत स्वाभाविक भी है।"

13. "लगता है वहाँ के स्टैंडर्ड और यहाँ के स्टैंडर्ड में बहुत फर्क है। ये तो बताते थे हमेशा क्लास में पता नहीं अंग्रेजी की वजह से हो।"

Section III

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **[1x16=16]**

14. 'शकुन' के चरित्र का वर्णन कीजिए और उसके व्यक्तित्व की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

15. 'आपका बंटी' उपन्यास में माँ–बाप के आपसी संघर्ष और अहंकार का बालक के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

Section IV

किन्ही दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए: **[2x5=10]**

16. डॉ. जोशी

17. मीरा

18. जोत

Section V

जातक की किन्ही दो कहानियों का सारांश लिखिए : **[2x10=20]**

19. गजराज और मूषक जातक

20. बक जातक

21. सचिंकिर जातक

Section VI

22. अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: **[5x2=10]**

समय मनुष्य के जीवन की सबसे मूल्यवान संपत्ति है। यह एक ऐसा संसाधन है, जो एक बार बीत जाने पर वापस नहीं आता। जो व्यक्ति समय का महत्व समझता है और उसका सदुपयोग करता है, वही जीवन में सफलता प्राप्त करता है। इसके विपरीत, जो लोग समय को व्यर्थ कार्यों में नष्ट करते हैं, वे अक्सर अपने लक्ष्यों से दूर रह जाते हैं। विद्यार्थी जीवन में समय का सही उपयोग अत्यंत आवश्यक होता है। यही वह अवस्था है, जब व्यक्ति अपने भविष्य की नींव रखता है। यदि विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन करें, समय-सारणी का पालन करें और आलस्य से दूर रहें, तो वे अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

आज के युग में मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और मनोरंजन के अन्य साधन समय की बर्बादी के प्रमुख कारण बन गए हैं। यदि इनका उपयोग सीमित और आवश्यकतानुसार किया जाए, तो ये उपयोगी हो सकते हैं, अन्यथा ये समय को नष्ट करने वाले साधन बन जाते हैं। समय का सदुपयोग केवल सफलता ही नहीं, बल्कि आत्मसंतोष भी प्रदान करता है। समय के प्रति सजग व्यक्ति अपने जीवन को सुव्यवस्थित और संतुलित बना सकता है। अतः हमें चाहिए कि हम समय का सम्मान करें और हर क्षण का उचित उपयोग करें।

प्रश्न

1. समय को मूल्यवान संपत्ति क्यों कहा गया है?
2. समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति क्या प्राप्त करता है?
3. विद्यार्थी जीवन में समय का क्या महत्व है?
4. समय की बर्बादी के दो कारण लिखिए।
5. गद्यांश के अनुसार हमें क्या करना चाहिए?

****